आसनसोल, मंगलवार
16 अप्रैल 2013
आसनसोल/कोलकाता संस्करण

आसनसोल, मंगलवार 16 अप्रैल, 2013

बंगाल, बिहार एवं झारखंड से प्रसारित

# बंग एक्सप्रेस

आपकी नजर सबकी खबर

# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में

## मलय ने किया उद्घाटन



**आसनसोल।** देश का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल ने आसनसोल में भी कदम रखा है। सोमवार को राज्य के कृषि मंत्री मलय घटक ने आसनसोल में नेशनल हाइवे दो किनारे सुइडीह में नवनिर्मित दिल्ली पब्लिक स्कूल का दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आसनसोल जल्द ही जिला बनने जा रहा है। यहां डीपीएस स्कूल खुलने से शिक्षा का स्तर और बढ़ेगा। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और प्रभारी प्रिंसिपल विजय कुमार साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान देवी सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान आशियाना नामक संगीतमय कार्यक्रम पेश किया गया। जिसके माध्यम से संदेश दिया गया कि कोई भी चीज असंभव नहीं है और सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। डीपीएस आसनसोल के प्रो वाइस ● शेष पृष्ठ 3 पर

3 बंग एक्सप्रेस

आसनसोल, मंगलवार 16 अप्रैल, 2013

## दिल्ली पब्लिक स्कूल

चेयरमैन रमेश गोयनका ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया। जबकि सिम्फनी फाउंडेशन के सचिव और आसनसोल डीपीएस के प्रबंधकीय ट्रस्टी अपूर्वा गोयनका ने अतिथियों को शाल प्रदान किया। अंत में स्कूल मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर अपूर्व गोयनका ने कहा कि प्रथम चरण में यहां प्री नर्सरी से सातवीं कक्षा तक एक-एक सेक्शन की पढ़ाई होगी। इसके बाद हर वर्ष एक कक्षा में बढ़ोत्तरी कर इसे 12 वीं कक्षा तक ले जाया जाएगा। इस स्कूल के लिए सीबीएसई बोर्ड से मान्यता ली जाएगी। फिलहाल इस स्कूल में आसनसोल, मैथन, चिरकुंडा आदि जगहों से 140 बच्चों ने नामांकन कराया है। यहां साढ़े चार से पांच हजार बच्चों का नामांकन का लक्ष्य है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि डीपीएस आसनसोल पूरे वर्द्धमान जिला में टापर स्कूल बनेगा। मौके पर एमआइसी अनिमेष दास, पप्पू ढल, प्रेम गोयल, अजय खेतान, अरुण मंडल आदि उपस्थित थे।